(b) US $ 672 million, for National Highways and State Roads.
(c) Nil.

बाडीनार पत्तनको कांडला पत्तन न्यास से अलग करना

1067.**श्री गोपाल सिंह जी.सोलंकी**: क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या गुजरात ने वाडीनार पत्तन को कांडला पत्तन न्यास से अलग करके उन्हें सौंपने हेतु कोई प्रस्ताव केन्द्र सरकार को प्रेषित किया है;

(ख) यदि हां,तो सरकार ने इस संबंध में अब तक क्या कार्यवाही की हैं;

(ग) क्या कांडला पत्तन न्याय से वाडीनार पत्तन की भूमि का कुछ हिस्सा अवैध रूप से एस्सार समूह को दे दिया हैं;और

(घ) यदि हां,तो क्या सरकार ने इस संबंध में कोई उच्च-स्तरीय जांच करायी है और यदि नहीं,तो इसके क्या कारण हैं?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा.देवेन्द्र प्रधान): (क) जी हां।

(ख) सरकार ने यह प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया है।

(ग) जी नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

गुजरात और मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गो का निर्माण

1068.**श्री दिलीप सिंह जदेव**: क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या गुजरात और मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गो के निर्माण/रख-रखाव के लिए आवश्यक योजना आंबटन के संबंध में आकलन करने के लिए कोई अध्ययन कराया गया है;

(ख) यदि हां,तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं;

(ग) गत तीन वर्षो के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गो हेतु राज्य सरकार को किए गए आबंटनों का जिला-वार प्रतिशत क्या था,और

(घ) राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे विशेष कर सौराष्ट्र-कच्छ में यात्री सुविधाओं संबंधी सरकारी योजनाओं का ब्यौरा क्या हैं ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा.देवेन्द्र प्रधान): (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) केन्द्र सरकार राष्ट्रीय राजमार्गो के विकास और अनुरक्षणके लिए निधियों का राज्य-वार आवंटन करती है न कि जिले-वार। पिछले तीन वर्षो के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गो के विकास और अनुरक्षण के लिए गुजरात और मध्य प्रदेश को निम्नलिखित राशि आंवटित की गई थीं।

(लाख रू)

वर्ष	गुजरात	मध्य प्रदेश
1995-96	5143.20	3971.52
1996-97	5664.50	4176.72
1997-98	7431.96	5013.78

(घ) गुजरात में रा.रा.-8 पर वापा में यात्री पर मार्गस्थ सुविधाओं की व्यवस्था के लिए इस मंत्रालय ने केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से एक प्रस्ताव की स्वीकृति प्रदान कर दी।

सड़क क्षेत्र में विदेशी निवेश

1069.**श्री जनेश्वर मिश्र**: क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार सड़क क्षेत्र में शत-प्रतिशत विदेशी निवेश की अनुमति देने पर विचार कर रही हैं;

(ख) यदि हां,तो क्या यह भी सच है कि ऐसा करने से देश की आतंरिक सुरक्षा खतरे में पड़े जाएगी;

(ग) क्या सरकार ने इस दृष्टिकोण से भी इसके निहितार्थो पर विचार किया है ;

(घ) यदि हां,तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;और

(ड़) यदि नहीं,तो इसके क्या कारण हैं?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा.देवेन्द्र प्रधान): (क) जी हां।

(ख) से (ड़) प्रस्ताव संकल्पनात्मक स्तर पर हैं,इसलिए कोई और ब्यौरे नहीं दिए जा सकते।